## अपनी बात

अनिल कुमार नाहर, 9109999906
270, जवाहर मार्ग, इन्दौर452002

### जो अंतिम संस्कार और उठावना करते है, वह शुद्ध भारतीय और हिन्दू माना जाता है

देश-विदेशों में जो भी समाज परिवार अपने स्वजनों के चले जाने के बाद अंतिम संस्कार और उठावना करते है। वह शुद्ध भारतीय और भारत माता का सपूत माना जाता है। सिर्फ सिख समाज ही उठावना की जगह वरीना (भोग) करते है।

जैन समाज अल्पसंख्यक कैसे और क्यों बना? यह मामला अत्यंत आश्चर्य जनक है। अल्पसंख्यक तो मुस्लिम, ईसाई, पारसी आदि को छोड़कर पिछ्ले 80 वषो से माने जाते है। ये उपरोक्त समाज अपने स्वपरिजनों की क्रिया-क्रर्म कब्रिस्तान में करते है। इसीलिए वे शुद्ध अल्पसंख्यक माने जाते है।

हिन्दूओं में भी हर जाति समाज एक तरह से पूर्ण अल्पसंख्यक ही है। बाकी ये उपरोक्त समाज के लोग जैन समाज को छोड़कर अपने आपको अलग-थलग नहीं मानते है। इसलिए वे शुद्ध हिन्दू है और वैष्णवी माने जाते है। सारे भारतीय त्योहार एक होकर मनाते हैं।

धार की 500 वर्ष पुरानी भोजशाला के मामलों में इन्दौर हायकोर्ट ने फैसला हिन्दूओं के पक्ष में सुनाया, मुस्लिम समुदाय की कानूनन रूप से हार हुई। उसमे जैन समुदाय भी लीन थे। सुप्रीमकोर्ट के वरिष्ठ वकील विष्णु शंकर जैन हिन्दू पक्ष के वकील रहे, जिन्होंने पैरवी कर सफलता प्राप्त की। जब जैन समाज मे नाम सनातन धर्म से जुड़ा हुआ है तो जैन समाज के लोग हिन्दूओं से अलग क्यों रहते है। यह समझ से परे है।

## लोकल स्पोर्ट्स

### इंदौर पब्लिक स्कूल मेन कैंपस ने जीत हासिल की



**इन्दौर।** पब्लिक स्कूल मेन कैंपस ने राजस्थान के झुंझुनू में जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में हुए प्री-सुब्रतो वेस्ट ज़ोन टूर्नामेंट में जीत हासिल की है! धारव हाईस्कूल, कैम्ब्रिज कोर्ट हाईस्कूल, गुरुकृपा पब्लिक स्कूल और केशवानंद कॉन्वेंट स्कूल जैसे विद्यालयों से कड़े मुकाबले का सामना करते हुए, हमारे मंझे हुए खिलाड़ी टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के चैंपियंस खिलाड़ियों ने पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचते हुए फाइनल के रोमांचक मैच में 5 - 4 के शानदार स्कोर के साथ जीत हासिल की। विद्यालय की छात्रा और जुझारू खिलाड़ी काव्या पटेल को खास बधाई, जिन्हें टूर्नामेंट का बेस्ट गोलकीपर चुना गया!

### भारत के प्रतिष्ठित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स टीम चैंपियनशिप 2026 में मध्यप्रदेश की बेटी श्रुति सासन का चयन

**इन्दौर।** मध्यप्रदेश की प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ी एवं वाइल्डलाइफ तथा एब्स्ट्रैक्ट आर्टिस्ट सुश्री श्रुति सासन का चयन प्रतिष्ठित ITF World Tennis Masters Tour World Team Championships 2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह



अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता 05 जुलाई से 10 जुलाई 2026 तक इटली के रोम शहर में आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में भारत की 50 प्लस एवं 55 प्लस टीमों के लिए पूरे देश से चुनिंदा खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनमें श्रुति सासन ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा एवं प्रदर्शन के दम पर स्थान बनाया है। भारतीय टीम में सुश्री विभा चौधरी, सुश्री मंजू खरे, सुश्री बबीता मोहन लांगथासा एवं मध्यप्रदेश की खिलाड़ी सुश्री श्रुति सासन को शामिल किया गया है यह उपलब्धि मध्यप्रदेश एवं इंदौर के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। श्रुति सासन इंदौर टेनिस क्लब (आईटीसी) में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। खेल के साथ-साथ वे एक प्रसिद्ध वाइल्डलाइफ एवं एब्स्ट्रैक्ट आर्टिस्ट भी हैं और अपनी कला के माध्यम से प्रकृति एवं भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करती हैं। टेनिस कोर्ट से लेकर कैनवास तक, श्रुति अपनी मेहनत, समर्पण और रचनात्मकता से निरंतर नई पहचान स्थापित कर रही हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मध्यप्रदेश टेनिस संघ के अध्यक्ष श्री अनिल महाजन एवं समस्त पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। साथ ही इंदौर टेनिस क्लब परिवार एवं खेल प्रेमियों में भी हर्ष एवं गर्व का वातावरण है।

कानून के सख्त क्रियान्वयन की नई व्यवस्था लागू

# ग्राम स्तर तक नियुक्त होंगे 'बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी'

**इंदौर। बाल विवाह पर प्रभावी रोक लगाने और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अभियानों को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन ने बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है।**

राज्य सरकार ने पूर्व में जारी अधिसूचना को निरस्त करते हुए अब जिला से लेकर ग्राम स्तर तक विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों को 'बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी' के रूप में अधिसूचित किया है। यह निर्णय बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 16 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत लिया गया है। भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में नई व्यवस्था लागू की गई है, जिससे बाल विवाह की रोकथाम, निगरानी और त्वरित कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

**जिला कलेक्टर से पटवारी तक की जवाबदेही तय**

इस नई व्यवस्था के लागू होने से अब बाल विवाह रोकने के लिए एक बेहद मजबूत और त्रि-स्तरीय से भी बड़ा प्रशासनिक तंत्र काम करेगा। जिला स्तर पर इसकी कमान जिला कलेक्टर, अपर कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संभालेंगे, जबकि अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को यह जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह तहसील स्तर पर तहसीलदार और सभी नायब तहसीलदारों को कानूनन सशक्त बनाया गया है। ब्लॉक स्तर पर मोर्चा संभालते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के सेक्टर स्तर पर निगरानी रखने के लिए सभी राजस्व निरीक्षकों और महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव जमीनी स्तर पर करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सीधे पटवारी को और शहरी क्षेत्रों में नगर पालिक निगमों के जोनल अधिकारी, राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी और स्वास्थ्य अधिकारियों को इस कानून को लागू करने का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा छोटे शहरों की नगर पालिका परिषदों और नगर परिषदों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, उप राजस्व निरीक्षक और मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया। ग्राम स्तर तक प्रशासनिक जवाबदेही तय होने से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर प्रभावी अंकुश लगेगा तथा बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों को बेहतर संरक्षण मिलेगा।

## मध्यप्रदेश लीग में बड़े इरादों के साथ उतरेगी जबलपुर रॉयल लायंस

### यह जबलपुर रॉयल लायंस का अब तक का सर्वश्रेष्ठ सीजन होगा – राहुल बाथम

**इन्दौर। मध्य प्रदेश लीग के बहुप्रतीक्षित नए सीजन के करीब आते ही जबलपुर रॉयल लायंस (JRL) नए आत्मविश्वास, मजबूत तैयारियों और इस वर्ष प्रभावशाली प्रदर्शन के स्पष्ट इरादे के साथ टूर्नामेंट में उतरने जा रही है।**



संतुलित टीम संयोजन, अनुभवी सपोर्ट स्टाफ और निडर खेल शैली के दम पर फ्रेंचाइजी को भरोसा है कि यह उसका अब तक का सबसे मजबूत अभियान साबित हो सकता है।

सीजन से पहले टीम की तैयारी और मानसिकता पर विश्वास जताते हुए सीनियर ऑलराउंडर राहुल बाथम ने कहा - टीम के भीतर तैयारियां, मानसिकता और ऊर्जा बेहद सकारात्मक हैं। हमने ऐसी टीम तैयार की है जिसमें प्रतिभा, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन करने की भूख है। हमारा उद्देश्य केवल भाग लेना नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान बनाना, निडर क्रिकेट खेलना और अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करना है। यह जबलपुर रॉयल लायंस का अब तक का सर्वश्रेष्ठ सीजन होगा, क्योंकि हम शेरों की तरह खेलेंगे और चैंपियंस की तरह जीतेंगे।

इस सीजन की टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का शानदार संतुलन देखने को मिलेगा। हेड कोच आनंद राजन का मानना है कि यही संयोजन टीम की सफलता की सबसे बड़ी कुंजी साबित होगा।

हेड कोच आनंद राजन ने कहा -हमने एक मजबूत टीम संस्कृति विकसित करने पर कड़ी मेहनत की है, जहाँ अनुशासन, तैयारी और उसे मैदान पर प्रभावी ढंग से लागू करना सबसे महत्वपूर्ण है।

खिलाड़ियों ने ट्रेनिंग के दौरान शानदार प्रतिबद्धता दिखाई है और हम ऐसी टीम तैयार कर रहे हैं, जो पूरे आत्मविश्वास और इरादे के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। हमारा लक्ष्य सकारात्मक क्रिकेट खेलना और इस सीजन में अपने समर्थकों को जश्न मनाने के कई अवसर देना है।

## विश्व शांति यज्ञ के साथ भागवत सम्पन्न

**इन्दौर।** जेलरोड पर चल रही भागवत कथा का समापन जीरापुर के पं. पुरुषोत्तम नागर की अगुवाई में हुआ। आज दत्तात्रय के 24 अवतार से शिक्षा लेने का आव्हान किया गया।

स्व. श्री संजय जरिया की स्मृति में हजारों श्रद्धालुओओं ने कथा का लाभ लिया। आज विश्व शांति, मानव मात्र की एकता तथा विश्व बंधुत्व संकल्प के साथ पूर्णाहुति यज्ञ सम्पन्न हुआ। व्यासपीठ का पूजन मयंक जरिया, अजय जरिया, सुपाल जरिया, विजय जरिया सांई भक्त कमल साबू ने किया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने भागवत का प्रसाद प्राप्त किया। कथा कार्यक्रम सफल बनाने हेतु स्व. सुरेश सेठ विचार मंच, सांई प्रचार मिशन ने सभी का आभार माना।

## शायर बशीरभद्र याद किए जायेंगे

**इन्दौर।** स्व. सुरेश सेठ विचार मंच, सांई प्रचार मिशन, माहेश्वरी मैत्री मंच ने शायर बशीरभद्र के निधन पर साहित्यकार नयन राठी की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा उदापुरा में की। संचालन चन्दूभाई खटीक ने किया। सांई भक्त कमल साबू, पत्रकार हीरालाल वर्मा प्रेमी, एडवोकेट सत्यनारायण शर्मा, ओम झंवर ने कहा कि शायर बशीरभद्र सदैव याद किये जावेंगे। उपस्थितों ने दो मिनट क मौन रखा। शोक प्रस्ताव का वाचन बाबूभाई पंवार ने किया।

## 46वां वार्षिक समर बैडमिंटन कोचिंग कैंप-2026 का समापन, पुरस्कार वितरण संपन्न

**इन्दौर। इंदौर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा 8 मई से 29 मई 2026 तक नेहरू स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में आयोजित 46वें वार्षिक समर बैडमिंटन कोचिंग कैंप-2026 का आज समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ।**

इस शिविर में प्रतिभागियों ने सुबह एवं शाम दो सत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। योग कोच सुश्री श्रद्धा सिंह परिहार द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास कराया गया तथा बैडमिंटन कोच रूबी नैय्यर एवं सुधांशु व्यास ने खिलाड़ियों को मैच कौशल का प्रशिक्षण दिया।

समापन समारोह मै मुख्य अतिथि के रूप में श्री अजय सिंह मोहरी (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक), श्री आनंद चौहान (डीएसपी, लोकायुक्त) उपस्थित थे।

समापन समारोह की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीमती सीमा बापना (भंडारी) ने की । श्री संजय द्विवेदी (निरीक्षक, EOW) एवं श्री योगेन्द्र सिंह सिसोदिया (निरीक्षक, EOW) श्री अभिषेक चौबे एवं राजेश सचान भी समारोह में विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर योग कोच सुश्री श्रद्धा सिंह परिहार तथा बैडमिंटन कोच रूबी नैय्यर एवं सुधांशु व्यास को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुधांशु व्यास द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन मनीष त्रिवेदी ने किया।

**फाइनल मुकाबलों के परिणाम**

बालिका वर्ग - अंडर-9 तकीषा श्रीवास्तव ने शयाना शर्मा को 15-11, 15-10 से हराया स्वर्ण - तकीषा श्रीवास्तव, रजत - शयाना शर्मा - अंडर-11 दीशना गोले ने सान्वी शर्मा को 15-10, 15-9 से हराया स्वर्ण - दीशना गोले, रजत - सान्वी शर्मा - अंडर-15- सेमीफाइनल माहिका चौहान ने दिव्यांशी रामराख्यानी को 15-14, 15-10 से हराया फाइनल मान्या दुबे ने खनक रुंगटा को 15-11, 15-13 से हराया स्वर्ण - मान्या दुबे, रजत - खनक रुंगटा कांस्य - माहिका चौहान एवं दिव्यांशी रामराख्यानी अंडर-17 भाव्या चौहान ने एशले अनिल को 15-10, 15-11 से हराया स्वर्ण - भाव्या चौहान, रजत - एशले अनिल बालक वर्ग- - अंडर-9 फाइनल आर्यांश मारू ने विराज चुग को 15-11, 15-06 से हराया कांस्य मैच शाश्वत चौकसे ने दक्ष श्रीस्तवा को 15-05, 15-03 से हराया स्वर्ण - आर्यांश मारू, रजत - विराज चुग, कांस्य - शाश्वत चौकसे - अंडर-11- फाइनल प्रणय अग्रवाल ने अहमद अली को 15-14, 15-12 से हराया कांस्य मैच आर्यांश सिंह ने ओजस बापट को 15-10, 15-08 से हराया स्वर्ण - प्रणय अग्रवाल, रजत - अहमद अली, कांस्य - आर्यांश सिंह - अंडर-15 फाइनल हामिद अली ने हसन अली को 15-09, 15-07 से हराया कांस्य मैच देवेंद्र सिंह ने अनय गर्ग को 15-11, 15-05 से हराया स्वर्ण - हामिद अली, रजत - हसन अली, कांस्य - देवेंद्र सिंह - अंडर-17 फाइनल दीपक चौकसे ने गौरव यादव को 15-10, 15-10 से हराया कांस्य मैच यूसुफ अली ने कार्तिक रामराख्यानी को 15-09, 15-03 से हराया स्वर्ण - दीपक चौकसे, रजत - गौरव यादव, कांस्य - यूसुफ अली - अंडर-19 सोमिल गदकर ने अनमोल मिश्रा को 15-10, 15-05 से हराया स्वर्ण - सोमिल गदकर, रजत - अनमोल मिश्रा मुख्य अतिथि श्री अजय सिंह मोहरी ने कहा, खेल अनुशासन और फिटनेस सिखाते हैं। इंदौर जिला बैडमिंटन संघ का यह प्रयास सराहनीय है। योग कोच श्रद्धा सिंह परिहार एवं कोच रूबी नैय्यर-सुधांशु व्यास ने बच्चों को बेहतरीन प्रशिक्षण दिया है।



### नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक व सही नाम अब्दुल रेहमान ( ABDUL REHAMAN ) पिता सिकंदर पटेल है, जो की मेरे वोटर कार्ड एवं आधार कार्ड पर दर्ज है किन्तु मेरी पुत्री नाजिश पटेल के जन्म प्रमाणपत्र पर त्रुटीवश मेरा नाम बहादुर उर्फ अब्दुल रेहमान ( BAHADUR URAF ABDUL REHAMAN ) दर्ज हो गया है, अतः भविष्य मे मेरे एवं मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजो पर पिता के स्थान पर मेरा सही नाम अब्दुल रेहमान ( ABDUL REHAMAN ) लिखा पढा जावे एवं इसी नाम से जाना, पहचाना व सम्बोधित किया जावे।

**अब्दुल रेहमान ( ABDUL REHAMAN ) पिता सिकंदर पटेल**
**पता : 57 दरगाह के पास, आक्या देवास (म.प्र.) 455001**

### नाम परिवर्तन की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मे मेरा नाम चमन गुप्ता ( CHAMAN GUPTA ) पिता महेश गुप्ता था, जो मेरे कुछ शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो पर अंकित है किन्तु मैंने अपना नाम परिवर्तित कर कार्तिक गुप्ता ( KARTIK GUPTA ) पिता महेश गुप्ता कर लिया है, जो मेरे स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र पर अंकित है, अतः भविष्य मे मेरे सभी दस्तावेजो पर चमन गुप्ता के स्थान पर मेरा परिवर्तित नाम कार्तिक गुप्ता ( KARTIK GUPTA ) पिता महेश गुप्ता लिखा पढा जावे एवं इसी नाम से जाना, पहचाना व सम्बोधित किया जावे ।

**कार्तिक गुप्ता ( KARTIK GUPTA ) पिता महेश गुप्ता**
**पता : 37-ए, ईशा एवेन्यू छोटा बांगड़दा, इन्दौर (म.प्र.) 452005**

### इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 13 इंदौर
#### जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशन पिता चेतनदास थावरानी द्वारा झोन क्रं. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन के प्रस्तुत कर निगम रिकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर खाता 1001174744 पर वर्तमान दर्ज नाम चेतनदास पिता दयालदास थावरानी के संबंध में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/वारिसनाते/हक त्याग प्रस्तुत कर पता 340 ब्लॉक 9 देवी अहिल्या न्यू क्लाथ मार्केट इन्दौर क्षेत्रफल.... वर्गफुट, वार्ड क्रं. 78 इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नवीन खाते पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 13, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

### इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 13 इंदौर
#### जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह पिता प्रीत पाल सिंह सलुजा द्वारा झोन क्रं. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन के प्रस्तुत कर निगम रिकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर खाता 1001139696 पर वर्तमान दर्ज नाम प्रितपाल सिंह पिता मंगलसिंह के संबंध में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/वारिसनाते/हक त्याग प्रस्तुत कर पता 506 विष्णुपुरी एन एक्स. इन्दौर क्षेत्रफल.... वर्गफुट, वार्ड क्रं. .... इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नवीन खाते पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 13, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

### इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 13 इंदौर
#### जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह पिता प्रीत पाल सिंह सलुजा द्वारा झोन क्रं. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन के प्रस्तुत कर निगम रिकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर खाता 1001182055 पर वर्तमान दर्ज नाम प्रितपाल सिंह सलुजा पिता मंगलसिंह के संबंध में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/वारिसनाते/हक त्याग प्रस्तुत कर पता 151 संत नगर मेन इन्दौर क्षेत्रफल.... वर्गफुट, वार्ड क्रं. .... इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नवीन खाते पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 13, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

### इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 13 इंदौर
#### जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह पिता प्रीत पाल सिंह सलुजा द्वारा झोन क्रं. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन के प्रस्तुत कर निगम रिकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर खाता 1001182053 पर वर्तमान दर्ज नाम सरदार प्रितपाल सिंह के संबंध में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/वारिसनाते/हक त्याग प्रस्तुत कर पता 153 संत नगर मेन इन्दौर क्षेत्रफल.... वर्गफुट, वार्ड क्रं. .... इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नवीन खाते पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 13, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

### इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 13 इंदौर
#### जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह पिता प्रीत पाल सिंह सलुजा द्वारा झोन क्रं. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन के प्रस्तुत कर निगम रिकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर खाता 1001139697 पर वर्तमान दर्ज नाम प्रितपाल सिंह पिता मंगलसिंह के संबंध में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/वारिसनाते/हक त्याग प्रस्तुत कर पता 506-1 विष्णुपुरी कॉलोनी एन एक्स. इन्दौर क्षेत्रफल.... वर्गफुट, वार्ड क्रं. .... इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नवीन खाते पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 13, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

### इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 13 इंदौर
#### जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह पिता प्रीत पाल सिंह सलुजा द्वारा झोन क्रं. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन के प्रस्तुत कर निगम रिकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर खाता 1001182052 पर वर्तमान दर्ज नाम प्रितपाल सिंह सलुजा पिता मंगलसिंह सलुजा के संबंध में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/वारिसनाते/हक त्याग प्रस्तुत कर पता 155 संत नगर मेन इन्दौर क्षेत्रफल.... वर्गफुट, वार्ड क्रं. .... इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नवीन खाते पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 13, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

### इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 13 इंदौर
#### जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह पिता प्रीत पाल सिंह सलुजा द्वारा झोन क्रं. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन के प्रस्तुत कर निगम रिकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर खाता 1001182054 पर वर्तमान दर्ज नाम प्रितपाल सिंह सलुजा पिता मंगलसिंह सलुजा के संबंध में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/वारिसनाते/हक त्याग प्रस्तुत कर पता 152 संत नगर मेन इन्दौर क्षेत्रफल.... वर्गफुट, वार्ड क्रं. .... इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नवीन खाते पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 13, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

### इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 13 इंदौर
#### जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह पिता प्रीत पाल सिंह सलुजा द्वारा झोन क्रं. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन के प्रस्तुत कर निगम रिकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर खाता 1001182158 पर वर्तमान दर्ज नाम प्रितपाल सिंह सलुजा पिता मंगलसिंह सलुजा के संबंध में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/वारिसनाते/हक त्याग प्रस्तुत कर पता 14 पटवारी ह.नं. 20/334/2/2 इन्दौर क्षेत्रफल.... वर्गफुट, वार्ड क्रं. .... इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नवीन खाते पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 13, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

### इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 13 इंदौर
#### जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. प्रीतम कौर पति मणीसिंह वैद, 2. दलजीत सिंह पिता मणीसिंह वैद, 3. जसविन्दर सिंह पिता मणीसिंह वैद द्वारा झोन क्रं. 13 राजस्व विभाग पर आवेदन के प्रस्तुत कर निगम रिकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर खाता 9000233533 पर वर्तमान दर्ज नाम मणीसिंह वैद पिता बलदेव सिंह वैद के संबंध में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/वारिसनाते/हक त्याग प्रस्तुत कर पता 449 पीस पाइन्ट कॉलोनी इन्दौर लिम्बोदी क्षेत्रफल.... वर्गफुट, वार्ड क्रं. 77 इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नवीन खाते पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 13, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार